संक्षिप्त

खेलकूद प्रतियोगिताएं

चिड़ावा ।बागर स्थित सेंट विवेकानंद प्ले हाउस में प्लेग्रुप ,नर्सरी व केजी कक्षा के विद्यार्थियों की खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें बॉल व रिंग से बच्चों को तरह-तरह के गेम्स करवाए गए । कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था निदेशक अनिल गुप्ता ने दीप प्रज्वलन करके किया। जिसमें हर्डल रेस में केजी कक्षा से सूर्यराज व देवांश ने प्रथम , अंकिता व मयंक ने द्वितीय और ऋषिराज , मितांश, आयशा व अनाया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया । बॉल थ्रोइंग में नर्सरी कक्षा से हार्दिक अग्रवाल ने प्रथम , विहान ने द्वितीय और आरव व समर्थ ने तृतीय स्थान प्राप्त किया । बॉल बैलेंस में प्ले ग्रुप से चिराग ने प्रथम, देवांश ने द्वितीय और तनुज ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी विजयी विद्यार्थियों को प्रधानाचार्या स्वाति गुप्ता व संस्था प्रबंध निदेशक प्रणय गुप्ता द्वारा मेडल पहनाकर व सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया व उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। कार्यक्रम में रक्षिता शर्मा , प्रेमवती जांगिड़, प्रिया गिरधर, सुनिता,मोनिका शर्मा,नीलम , अन्नू ,लीलावती,राधा शर्मा , नैनिका सहित अन्य स्टाफ सदस्य भी मौजूद रहे।

विद्यार्थियों को स्वेटर वितरित

चूरू । मदरसा दारुल इस्लाम कॉम काजियान में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न चौधरी चरण सिंह के जन्म दिवस पर सोमवार को मदरसे के विद्यार्थियों को भामाशाह हरफूल सिंह भाम्भू के आर्थिक सौजन्य से स्वेटर वितरित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व प्रधानाचार्य नजीर खां ने की। वहीं कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि जिला अल्पसंख्यक कार्यालय के उम्मेद खाँ व सेवा. प्राचार्य नियाज मोहम्मद थे। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये पूर्व प्रधानाचार्य नजीर खां ने कहा कि इस कड़ाके की सर्दी में इन जरूरतमन्द बच्चों को स्वेटर वितरण करना किसी पुण्य से कम नहीं है। इस अवसर पर मसुदुलहक निजामी, शिक्षा अनुदेशक संघ के जिलाध्यक्ष अमजद खान, नायला मोइन, मोहम्मद तालिब सहित मदरसा स्टॉफ सदस्य व विद्यार्थी उपस्थित थे। प्रधानाध्यापक शिक्षा अनुदेशक कोशर खान ने आगंतुकों का आभार व्यक्त किया।

चुभती ठंडी हवाओं का दौर शुरू

बीदासर ।कस्बे में रविवार की रात्रि को मौसम ने अचानक पलटा खाया तथा रात्रि में रुक रुक कर हल्की बूंदा बांदी हुई। जिससे सोमवार की प्रात: आसमान बादल छाए रहने से सर्दी का असर कम हो गया। लेकिन 10 बजे बाद ज्योंही बादल छटने शुरू हुए, तो नश्तर सी चुभती ठंडी हवाओं का दौर शुरू हो गया, जो दिनभर जारी रहा। ठंडी हवाएं चलने से सर्दी का असर बढ़ गया। सर्दी के असर से लोग घरों में दुबके रहे। वही बाजारों में ठंड के चलते चहल पहल भी कम रही। ठंड के बचाव के लिए लोग अलाव तापते नजर आए।

परिचय सम्मेलन सम्पन्न

सीकर,(निसं)। श्री चित्रगुप्त नवयुवक समिति जयपुर द्वारा आयोजित कायस्थ युवक युवती परिचय सम्मेलन मानसरोवर में हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। परिचय सम्मेलन में सीकर कायस्थ हितकारिणी समिति के अध्यक्ष राधाकृष्ण माथुर, संरक्षक मण्डल में प्रदीप माथुर बी के कुलश्रेष्ठ, उपाध्यक्ष सुरेश माथुर, राजस्थान क्रिकेट कोच कृष्ण कुमार माथुर, व्यवस्थापक राजेश माथुर, दीपक व अभिषेक उपस्थित रहे। सीकर जिला संयोजक नन्दलाल माथुर ने बताया कि परिचय सम्मेलन में 250 से अधिक संख्या में युवक-युवतियों ने बड़ी आत्मीयता से परिचय प्राप्त किया । सामूहिक विवाह 2फरवरी को आयोजित किया जाएगा।

चरणसिंह की जयंती मनाई

बीदासर । किसानों के मसीहा व पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती सोमवार को कस्बे के जाट भवन में जाट समाज के अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण केवटिया की अध्यक्षता में मनाई गई। इस अवसर पर समाज के लोगो ने चरण सिंह की फोटो पर पुष्प अर्पित किए। जयंती कार्यक्रम में गिरधारी लाल मेहला, भागीरथ गुरू, गिरधारी लाल पूनिया, बजरंग सिहाग, लक्ष्मण जाखड़, रूपाराम महिया, रणजीत गुरु सहित समाज के अनेक लोग उपस्थित थे।

शिविर 31 को

सीकर । कर्नल ब्रिजेन्द्र सिंह महला, जिला सैनिक कल्याण अधिकारी सीकर ने बताया कि पूर्व सैनिकों, युद्ध वीरांगनाओं एवं उनके आश्रितों के कल्याणार्थ मासिक शिविर का आयोजन 31 दिसंबर 2024 को प्रात: 11 बजे अटल सेवा केंद्र जाजोद में पूर्व सैनिक व वीरांगनाओं का समस्या समाधान शिविर आयोजित होगा ।

पिपराली, खण्डेला पंचायत समितियों में सुशासन सप्ताह के अन्तर्गत शिविर आयोजित

सीकर, (निसं)। जिले में प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग, भारत सरकार व जन अभियोग निराकरण विभाग, राजस्थान सरकार के निर्देशानुसार शनिवार को जिले की पिपराली, खण्डेला पंचायत समितियों में सुशासन सप्ताह के अन्तर्गत शिविर आयोजित हुए। शिविर में ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं का लाभ देने के लिए रोजगार, पेंशन, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, सामाजिक सुरक्षा और अन्य लोक कल्याणकारी योजनाओं की सेवाएं ग्रामीणजन को दी गई। शिविर में बडी संख्या में ग्रामीण लोग पहुंचे और उन्होंने विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाया।

शिविर में ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं का लाभ देने के लिए रोजगार, पेंशन, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, सामाजिक सुरक्षा और अन्य लोक कल्याणकारी योजनाओं की सेवाएं ग्रामीणजन को दी ।

पंचायत समिति पिपराली:- उपखण्ड अधिकारी सीकर निखिल कुमार ने बताया कि राज्य सरकार के द्वारा निर्देशित " सुशासन सप्ताह-प्रशासन गावों की ओर" के तहत पंचायत समिति पिपराली मुख्यालय पर कैम्प का आयोजन किया गया जिसमें मनभरी देवी प्रधान ने राज्य सरकार के निर्देशानुसार ग्रामीणों के परिवादो को तत्काल एवं गुणवतापूर्ण समाधान करने के सभी ब्लॉक स्तरीय अधिकारियो को निर्देश दिये। इस कैम्प में कुल 18 परिवाद प्राप्त हुये जिनमे से 16 का मौके पर ही निस्तारण किया गया। समाज कल्याण विभाग पिपराली द्वारा एक पालनहार, एक ट्राई साईकिल एवं एक मुख्यमंत्री कन्यादान योजना की स्वीकृति तत्काल जारी की गई एवं लाभार्थियों को प्रदान की गई ।

विकास अधिकारी द्वारा तीन विशेष योग्यजन पेंशनों का सत्यापन किया गया। इस अवसर पर शिशुपाल सिंह विकास अधिकारी पिपराली, योगेश आर्य तहसीलदार सीकर, भंवर लाल गुर्जर सामाजिक सुरक्षा अधिकारी, डॉ. अजीत शर्मा बीसीएमओ पिपराली, रमेश कुमार सीडीपीओ पिपराली, रेखा जेवरिया एईएन पीडब्लूडी, नीरज एईएन पीएचईडी पिपराली, नीलू सहायक कृषि अधिकारी, रतन लाल गुर्जर अति.विकास अधिकारी, गोपाल महर्षि आईएलआर सहित सभी ब्लॉक स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी

■ शिविर में बडी संख्या में ग्रामीण लोग पहुंचे और उन्होंने विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाया

उपस्थित रहे। पंचायत समिति खण्डेला:- शिविर में अर्चना बुगालिया उपखण्ड अधिकारी खण्डेला एवं बृजेश कुमार उपखण्ड अधिकारी रींगस के निर्देशन में शनिवार को सुशासन सप्ताह-प्रशासन गांवो की ओर 2024 अभियान के अन्तर्गत पंचायत समिति खण्डेला मुख्यालय पर शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 168 सेवाऐ दी गई, 18 परिवाद प्राप्त हुए 15 का निस्तारित किया गया। शिविर में 168 सेवाऐ दी गई, 18 परिवाद प्राप्त हुए 15 का निस्तारित किया गया। सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना अन्तर्गत बसन्ती देवी पत्नि निवासी गुरारा की बंद पेंशन को मौके पर ही पुन: चालू कर लांभान्वित किया गया तथा नीतू देवी निवासी मेहरों की ढाणी को मौके पर ही पालनहार एवं सामाजिक सुरक्षा पेंशन चालू की गई शिविर में लाभान्वितो द्वारा राज्य सरकार व उपखण्ड प्रशासन का धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

"शेखावाटी रत्न" से हुए सम्मानित

सीकर,(निसं)। सामाजिक सरोकार का पर्याय गैर राजनीतिक संगठन विप्र इण्डिया वेलफेयर फाउण्डेशन जयपुर द्वारा रविवार को जयपुर में होटल स्टारडम रिसोर्ट में आयोजित शेखावाटी रत्न सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस सम्मान समारोह में सामाजिक क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले अन्तर्राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग जिला सीकर के मीडिया प्रभारी मुकेश सोनी को हिन्दू धर्म गुरू साध्वी प्रज्ञा भारती, ज्ञानम फाउण्डेशन के अध्यक्ष महंत दीपक वल्लभ गोस्वामी ने प्रतीक चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देकर "शेखावाटी रत्न सम्मान" से सम्मानित किया। इस अवसर पर विप्र इंण्डिया वेलफेयर फाउण्डेशन के फाउण्डर डायरेक्टर अनिल शर्मा, राष्ट्रीय अध्यक्ष निकिता शर्मा, सूर्यकुण्ड लोहार्गल धाम के पीठाधीश्वर महंत स्वामी अवधेशाचार्य, योग तीर्थ पीठ नारनोल के पीठाधीश्वर आत्माराम , महंत मनोहर ,शेखावाटी क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े हुए व्यक्ति सहित काफी संख्या में गणमान्यजन उपस्थित रहे।

शाकम्भरी माता के प्राकट्य महोत्सव को लेकर चुनड़ी के बूंटी लगाई

उदयपुरवाटी,(निसं)। गायत्री प्रज्ञापीठ भूरीकुड़ी में अति उत्साह के साथ दर्जनों महिलाओं ने इकट्ठे समूह में मंगल गीत गाये साथ ही शाकंभरी माता के प्राकट्यय महोत्सव के उपलक्ष में समर्पित की जाने वाली चुनड़ी पर गोटा एवं सुनहरी बूंटीयां लगाई गई।

शाकम्भरी कुटुंब परिवार के सक्रिय कार्यकर्ता मूलचंद सैनी से प्राप्त जानकारी के अनुसार 13 जनवरी को आयोजित होने जा रहे शाकम्भरी माता के प्राकट्यय महोत्सव के उपलक्ष में गायत्री कुटुंब परिवार की ओर से चुनड़ी यात्रा निकाली जाएगी, जिसकी तैयारियों को लेकर महिलाएं समूह में मंगल गीत गाकर चुनरियों के बूंटीयाँ लगा रही हैं। इस क्रम में गायत्री प्रज्ञापीठ भूरीकुड़ी में भी सावित्री देवी के नेतृत्व में दो दर्जन से अधिक महिलाओं ने इकट्ठे होकर मंगल गीत गाये एवं माता की चुनड़ी को गोटा एवं बूंटीयां लगाकर सजाया गया। इस अवसर पर कमला देवी, पूजा, रमा देवी, सज्जना देवी, बनारसी देवी, संतोष देवी, नानुड़ी देवी, श्रवणी देवी, मोनिका, पीयू सैनी, तीजा देवी, बिमला देवी, सुवा देवी, सुनीता देवी, संजू देवी, कविता सैनी, दिव्या, सोनू, सुनीता, सुमन, मन्नी देवी, साधना, केसरी देवी, शालू, संतोष देवी, संगीता, बद्रीप्रसाद तंवर, एडवोकेट मोतीलाल सैनी, हिमांशु सैनी आदि मौजूद रहे।



महोत्सव के उपलक्ष महिलाएं समूह में मंगल गीत गाकर चुनरियों में बूंटीयाँ लगाया ।

नि:शुल्क कैंसर जागरूकता व जांच शिविर आयोजित

चूरू । सामाजिक संस्था लायंस क्लब की ओर से स्थानीय सिटी हॉस्पिटल में एक दिवसीय कैंसर जागरूकता व जांच शिविर का आयोजन किया गया। क्लब अध्यक्ष लायन अनुराग शर्मा ने बताया कि कैंसर जैसी गंभीर बीमारी के बारे में लोगों को जागरूक करने व जरूरतमंदों की सहायतार्थ एक दिवसीय जांच शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर प्रभारी मनोज जांगिड़ ने बताया कि सैलरी हॉस्पिटल जयपुर के वरिष्ठ कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. नरेश जांगिड़ ने रोगियों की जांच कर उचित परामर्ष दिया गया और नि:शुल्क दवा वितरित की गई। डॉ. नरेश जांगिड़ ने आम जान को कैंसर के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि समय पर बीमारी का पता चलने पर इसका इलाज आसान हो जाता है। अत: लोगों को इसके बारे में जागरूक रहना चाहिए। उन्होंने लायंस क्लब का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए इस प्रकार के आयोजन को आमजन के लिए उपयोगी बताया।

इस अवसर पर डॉ. कमल वशिष्ठ, लायन बालकिशन राजगढ़िया, मुकुल सिगतिया, आबिद खान, सुनील टकनेत, डॉ. पवन जांगिड़, ओमप्रकाश बैरवा, एडवोकेट संजीव वर्मा, दीनदयाल सैनी सहित सिटी अस्पताल के स्टॉफ सदस्य उपस्थित थे।

कैंसर जागरूकता व जांच शिविर का आयोजन किया ।

अमित शाह के बयान के विरोध में पुतला फूंका

चूरू: कलेक्ट्रेट कार्यालय के सामने जिला एससी-एसटी प्रकोष्ठ जिला-शाखा चूरू की ओर से सोमवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का पुतला जलाकर जमकर विरोध प्रदर्शन किया गया। एससी-एसटी प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों ने बताया कि गत 18 दिसंबर को राज्यसभा में भारत के संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के बारे में कहा था, कि अंबेडकर शब्द बोलना एक फैशन बन गया है, इसके विरोध में सोमवार को राष्ट्रपति के नाम का जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह को इस बदनीयत से बोले गए शब्दों से वे अब इस पद के योग्य नहीं है। ज्ञापन में गृह मंत्री को शीघ्र ही पद से बर्खास्त करने की मांग की गई। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि भारत की लोकतंत्र व्यवस्था में विष्वास रखने वाले व बाबा साहेब के विचारों को मानने वाले लोगों को बहुत बड़ी ठेस पहुंची है। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष विधाधर मेघवाल ने कहा कि ये पुरे भारत वासियों का अपमान है। पूर्व उप जिला प्रमुख सोहनलाल मेघवाल ने कहा कि देश के केंद्रीय गृह मंत्री ने देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था का अपमान किया है। उन्होंने कहा कि अमित शाह ने घृणित भाव से बाबा साहेब को शब्दों से अपमानित किया है, जो देश की जनता को कतई बर्दाश्त नहीं है। इस दौरान कार्यालय में जिला कलेक्टर व अन्य प्रतिनिधियों के नहीं मिलने पर प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों ने ज्ञापन को कार्यालय की सीढ़ियों पर चस्पा कर दिया। इस अवसर पर मोहनलाल आर्य, पीसीसी सचिव मुस्ताक रामप्रताप , आदूराम , आषाराम , असलम , किषोर , राधेष्याम , रामेष्वर , सरदाराराम, जयचन्द , भादरराम , शेरखान , पालाराम विकास , डॉ. प्यारेलाल , विक्रम भाट, कन्हैयालाल , भूरामल , श्रवण , गिरधारी तंवर, चन्दनमल , राकेश बरोड, राकेश देपालसर, दुर्गाराम रायपुरिया, सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित थे।

सोती चैरिटेबल ट्रस्ट ने विद्यार्थियों को किया स्वेटर वितरण

चूरू ।जिला मुख्यालय स्थित राजकीय गोपाल उच्च प्राथमिक विद्यालय में सोती चैरिटेबल ट्रस्ट के आर्थिक सौजन्य से सोमवार को इस कड़ाके की ठंड से बचने के लिये विद्यार्थियों को गर्म स्वेटर वितरित किए गए।

जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक शिक्षा संतोष महर्षि के मुख्य आतिथ्य में व नगर श्री सचिव सेवा सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य श्याम सुंदर शर्मा की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि विप्र फाउंडेशन चूरू के नगर अध्यक्ष श्रीराम शर्मा व सोती ट्रस्ट के प्रतिनिधि जगदीश शर्मा थे। इस दौरान प्रधानाध्यापक टोरू राम प्रजापत, राजू लीलगर, सुनीता गोदारा, राकेश ओझा, सुहिता नेहरा, सुरज्ञान कंवर, चंद्रकला चौधरी व शीशराम माहिच ने आगंतुक अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। सोती ट्रस्ट के जगदीश शर्मा ने ट्रस्ट द्वारा जन सेवा में करवाए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये जिला शिक्षा अधिकारी संतोष महर्षि ने ट्रस्ट द्वारा करवाए जा रहे परोपकारी कार्यों की प्रशंसा करते हुये ट्रस्ट का धन्यवाद ज्ञापित किया। नगर श्री सचिव श्यामसुंदर शर्मा ने ट्रस्ट की सराहना करते हुये कहा कि ट्रस्ट आगे भी इन जरूरतमंद बच्चों के लिये तत्पर रहेगा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में विद्यार्थी व अभिवावक उपस्थित थे। इस दौरान स्वेटर पाकर छात्रों के चेहरे खुशी से खिले उठे। विद्यालय के प्रधानाध्यापक टोरू राम ने आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन अध्यापिका सुहिता नेहरा ने किया।

■ स्वेटर पाकर खिले छात्रों के चेहरे

ठंड से बचने के लिये विद्यार्थियों को गर्म स्वेटर वितरित किए ।

एडवायजरी कार्यक्रम आयोजित

रतनगढ़,(निसं)।लायंस क्लब प्रेरणा रतनगढ़ द्वारा चार्टर नाइट व संयुक्त जॉन एडवायजरी कार्यक्रम अक्षय 2024 का आयोजन माहेश्वरी भवन में समारोह पूर्वक हुआ। दीप प्रज्जवलन के साथ शुरू हुवे कार्यक्रम में क्लब अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार बुनकर, मुख्य अतिथि प्रांतपाल सुनील अरोड़ा, विशिष्ट अतिथि ओ पी मंगल प्रांतीय समन्वयक, अतिविशिष्ट अतिथि आशुतोष वशिष्ठ सह प्रांत पाल द्वितीय, मुख्य वक्ता पूर्व प्रांतपाल अशोक ठाकुर, डॉ कमल वशिष्ठ प्रांतीय केबिनेट सचिव, अनिल गोयल रिजर्व चैयरपर्सन, सन्दीप कंदोई ज़ोन चेयरपर्सन 2, अमरनाथ जांगिड ज़ोन चैयर पर्सन 1, सुनील केसान ज़ोन चैयर पर्सन 3, केटीसी ग्रुप चैयरमैन राज खान, संतोष बाबू इन्दोरिया पुर्व चेयरमैन नगरपालिका, रितेश लुंडिया, हिमाशु सराफ मंचस्थ अतिथि थे। क्लब अध्यक्ष बुनकर ने आगंतुकों का शाब्दिक स्वागत किया। कार्यक्रम में अतिथियों ने जरूरतमंद के प्रति मानवता का भाव रखते हुए सहयोग करना ही सबसे बड़ी सेवा बताया। कार्यक्रम में भामाशाहो, रीजन-8 के सभी क्लब सदस्य एवं पदाधिकारियो का सम्मान किया गया।

सार-समाचार

चौधरी चरण सिंह की जयंती मनाई

उदयपुरवाटी,(निसं)।कस्बे के गौरव पथ पर देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न चौधरी चरण सिंह की जयंती प्रगतिशील किसान लालचंद तंवर की अध्यक्षता में मनाई गई। जयंती समारोह में उपस्थित जनों ने चौधरी चरण सिंह के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर सर्वोदयी कार्यकर्ता बद्रीप्रसाद तंवर ने कहा कि देश के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह का जीवन किसानों के कल्याण व समाज के वंचित वर्ग के उत्थान के लिए समर्पित था। कार्यक्रम संयोजक एडवोकेट मोतीलाल सैनी ने कहा कि चौधरी चरण सिंह ने किसानों के साथ हो रहे शोषण के खिलाफ आवाज बुलंद की थी, इन्हीं के प्रयासों से देश में जमींदारी प्रथा का उन्मूलन हुआ। हरलाल सिंह तंवर ने कहा कि चौधरी चरण सिंह ने किसानों को सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने के लिए उनके हित में कई नीतियों का निर्माण किया। इस मौके पर मन्नाराम किरोड़ीवाल, रमाकांत स्वामी, शिवपाल सैनी रूपावाला, मुकेश गिजावरा, मोतीलाल स्वामी, रवीना तंवर, मुकेश ढेनवाल, सज्जना सैनी, शीशराम सैनी छापोली, गणराज सैनी इंद्रपुरा, संजू सैनी, यशोदा देवी, महावीर प्रसाद सैनी, अनिशा कुमावत, रामलाल सैनी मौजूद रहे।

केशवानन्द में मनाया किसान दिवस

सीकर। एनएच 52 स्थित स्वामी केशवानन्द शिक्षण संस्थान समूह भढाडर सीकर में चौ. चरण सिंह के जन्मदिन के उपलक्ष में किसान दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का संचालन कक्षा 12वीं कृषि वर्ग की छात्रा प्रियांशी ने किया। कार्यक्रम में चौ. चरण सिंह की जीवनी पर सस्थान के छात्र छात्राओं ने प्रकाश डाला व उनके आदर्शो को जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर डिग्री कॉलेज प्राचार्य ललित किशोर तंवर ने बताया कि चौ. चरण सिंह को भारत रत्न से नवाजा गया था जो उनके किये गये कार्यो का द्योतक है। आरबीएसई प्रधानाचार्य विजेन्द्र सिंह ने अपने उदबोधन में बताया कि भारत को कृषि के क्षेत्र में अग्रणी करने व किसानों को उनके अधिकार दिलवाने में चौ. चरण सिंह का बहुत बडा योगदान है। संस्था निदेशक रामनिवास ढाका ने बताया कि भारत कृषि प्रधान देश है व अधिकांश आबादी कृषि पर निर्भर हैं इसलिए सरकार को कृषि क्षेत्र में नई तकनीकों के साथ आधुनिक कृषि शिक्षा की आवश्यकता है ताकि देश का किसान उन्नित कर सके एवं देश खाद्य पदार्थो में आत्मनिर्भर हो सके। इस अवसर पर संस्थान चैयरमैन सुरेन्द्र सिंह ढाका, नर्सिंग प्राचार्य महेश कुमावत, पॉलीटेक्निक प्राचार्य जगदीश सोलंकी, स्पेशल एजुकेशन प्राचार्य महीपाल सिंह सहित प्रबंधन सदस्य, स्टाफ एवं बच्चें उपस्थित रहे।

छात्राओं को नि:शुल्क साइकिल वितरण

सादुलपुर,(निसं)। महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय इंग्लिश मीडियम सादुलपुर प्रागण में सोमवार को साईकिल वितरण कार्यक्रम धर्मेन्द्र कुमार स्वामी आरपी कार्यालय मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी राजगढ की उपस्थिति में आयोजित किया गया।जिसमें राज्य सरकार द्वारा नि:शुल्क साईकिल वितरण योजनान्तर्गत कक्षा 9 में अध्ययरत 13 छात्राओं को साईकिल वितरित कि गयी। इस दौरान प्रधानाचार्य उर्मिला पूनिया ने छात्राओं की शिक्षा पर जोर देते हुए कहा की आज छात्राएं हर क्षेत्र में अपना और देश का नाम रोशन कर रही है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथी रामस्वरूप इंदोरिया एसडीएमसी सदस्य ने कहा की हमें छात्राओं को शिक्षा के क्षेत्र में आगे लाना चाहिए।छात्रा अभिभावक सुमन ने छात्राओं को अच्छे संस्कार के साथ शिक्षा ग्रहण प्राप्त कर अपने व अपने माता पिता का नाम रोशन करने हेतु प्रेरित किया। छात्राओं को साईकिल मिलने पर खुशी जाहिर की। उपप्राचार्य ब्रहानन्द ने सभी आगंतुकों का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस मौके पर अभिवाव, एसडीएमसी, एसएसमसी सदस्य एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

पालिका सभागार में साधारण बैठक

बीदासर । नगर पालिका मंडल की साधारण सभा की बैठक सोमवार की दोपहर बाद पालिका सभागार में पालिका अध्यक्ष सीताराम भोभरिया की अध्यक्षता में हुई। बैठक में वर्ष 2018 में आपणी योजना में पाइप डालने में एल.एण्ड.टी. कम्पनी की देरी व कार्य समयावधी में कनिष्ठ अभियंता के रिक्त पद आदि पर विचार विमर्श कर अपराध संख्या 297/2018 आरोपी कार्यवाहक अधिशाषी अधिकारी व कनिष्ठ अभियंता मोहित खन्ना, लिपिक कम कैशियर गजानंद गोस्वामी व लिपिक लक्ष्मण सिंह, उदाराम रेगर के मामले में उपस्थित सदस्यों ने निर्णय लिया की संवेदकों को बिना पेनल्टी के भुगतान करने पर राजस्व को लगभग 14 लाख रूपयें का नुकसान हुआ था। जोकि संवेदकों के भुगतान में से काटी गई एसडी राशि 14 लाख रूपयें का समायोजन करने पर राजस्व नुकसान नही हुआ है। जिस पर उपस्थित सभी सदस्यों ने प्रकरण में अभियोजन स्वीकृति जारी नही करने का निर्णय सर्व सम्मति से लिया गया। प्रस्ताव संख्या दो में आयुर्वेदीक चिकित्सालय की भूमि आंवटन हेतु अनापति प्रमाण पत्र आगामी पालिका की साधारण सभा में लेने का निर्णय लिया। बैठक में कार्यवाहक अधिशाषी अधिकारी मुकेश कुमार स्वामी, पालिका उपाध्यक्ष मेराज उल हसन छींपा, नेता प्रतिपक्ष गोपाल गुर्जर सहित अनेक पार्षदगण उपस्थित थे।

आयोजित होगें शिविर

सीकर, (निसं)। जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने बताया कि सुशासन सप्ताह प्रशासन गांव की और 2024 अभियान के तहत 24 दिसंबर को फतेहपुर, नेछवा पंचायत समिति सभागार में शिविरों का आयोजन किया जाएगा।